चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 31.5.2019 पृष्ठ सं. 18 कॉलम 1-2

# एचएयू में बीएससी, एमएससी व होमसाइंस की 274 सीटों के लिए परीक्षा आठ जून को

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 8 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा में 11404 उम्मीदवार शामिल होंगे। यह परीक्षा बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों और एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठयक्रमों की क्रमशः 93 और 26 सीटों के लिए आयोजित की जा रही है। कुलसचिव डा. बीआर कंबोज के अनुसार प्रवेश परीक्षा केवल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीएससी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 10771 जबकि एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस के लिए कुल 633 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किया गया है।

डा. कंबोज ने बताया कि बीएससी और एमएससी डिग्री कोर्सो के लिए प्रवेश परीक्षा का समय दस बजे से दोपहर 1.00 बजे तक होगा। परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट पूर्व (9.45 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। आठ जून को जिन उम्मीदवारों की परीक्षा है। उनकी लिस्ट विवि की ओर से वेबसाइट पर जारी की गई है। आवेदन कर्ता अपना एडमिट कार्ड साइट से प्राप्त कर सकता है। अगर किसी के नाम में या अन्य किसी विवरण में कोई गलती हो तो वह फोन न. 01662-255254 पर सूचित कर सकता है अथवा कमरा नं. 205 फ्लेचर भवन (शैक्षणिक विभाग) में संपर्क कर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक भास्कर...

दिनांक ...31.5.2019... पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...8...

## सीसीएसएचएयू में बीएससी व एमएससी एग्रीकल्चर की 155 सीटों पर प्रवेश परीक्षा 8 को

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएसएचएयू) की 8 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा में 11404 उम्मीदवार शामिल होंगे। यह परीक्षा बी.एस-सी. (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा एमएस-सी एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठ्यक्रमों की क्रमशः 93 व 26 सीटों के लिए होगी। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज के अनुसार प्रवेश परीक्षा केवल हिसार में आयोजित की जाएगी। बीएस-सी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 10771 जबकि एमएस-सी एग्रीकल्चर व होम साइंस के लिए कुल 633 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किया गया है। बीएस-सी और एमएस-सी डिग्री कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के नाम जिनकी परीक्षा 8 जून 2019 को है उनकी सूची एडमिशन साइट जिस पर उम्मीदवार ने आवेदन किया था, पर उपलब्ध है। अगर किसी के नाम में या अन्य किसी विवरण में कोई गलती हो तो वह फोन न. 01662-255254 पर सूचित कर सकता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक 31.5.2019 पृष्ठ सं. ....8.... कॉलम 2-4....

# एचएयू में आठ जून को 11 हजार 404 उम्मीदवार देंगे प्रवेश परीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 8 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा में 11 हजार 404 उम्मीदवार शामिल होंगे। यह परीक्षा बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठ्यक्रमों की 93 व 26 सीटों के लिए आयोजित की जा रही है।

कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज के अनुसार प्रवेश परीक्षा केवल हिसार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 10 हजार 771 जबकि एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस के लिए कुल 633 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किया गया है। डॉ. कंबोज ने बताया कि उपरोक्त बीएससी और एमएससी डिग्री कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट पूर्व (9.45 बजे तक) अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के नाम उसी वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिस पर आवेदन किया गया था। उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 3 जून से एडमिशन वेबसाइट पर ही मिलेंगे।

## बीएससी होम साइंस में दाखिले की अंतिम तिथि 21 जून

उधर, विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी (ऑनर्स) होम साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 जून कर दिया गया है। जो उम्मीदवार इस कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए थे, वह अब 21 जून तक आवेदन कर सकेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......
दिनांक 31.5.2019 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1....

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा 8 को

हिसार, 30 मई (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 8 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा में 11404 उम्मीदवार शामिल होंगे। यह परीक्षा बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर 4 वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा एम.एससी. एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठ्यक्रमों की क्रमश: 93 व 26 सीटों के लिए आयोजित की जा रही है। कुलसचिव डा. बी.आर. कम्बोज के अनुसार प्रवेश परीक्षा केवल हिसार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर 4 वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 10771 जबकि एम.एससी. एग्रीकल्चर व होम साइंस के लिए कुल 633 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किया गया है। उधर, विश्वविद्यालय द्वारा बी.एससी. (आनर्स) होम साइंस 4 वर्षीय डिग्री कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 जून किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ............हरि. भूमि............
दिनांक 31.5.2019 पृष्ठ सं. ..12...... कॉलम ...1..............

# बीएससी एग्रीकल्चर एडमिशन के लिए 11 हजार से ज्यादा आवेदन

हिसार । हकृवि की बीएससी एग्रीकल्चर की आठ जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा में 11404 उम्मीदवार शामिल होंगे। यह परीक्षा बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठ्यक्रमों की क्रमशः 93 व 26 सीटों के लिए आयोजित की जा रही है। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज के अनुसार प्रवेश परीक्षा केवल हिसार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 10771 जबकि एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस के लिए कुल 633 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किया गया है। डॉ. कंबोज ने बताया कि उपरोक्त बीएससी और एमएससी डिग्री कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के नाम जिनकी परीक्षा 8 जून 2019 को है उनकी सूची एडमीशन साईट जिस पर उम्मीदवार ने आवेदन किया था, पर उपलब्ध है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........

दिनांक 30.5.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....6-8....

# हकृवि की प्रवेश परीक्षा में 11404 आवेदक लेंगे भाग

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की 8 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा में 11404 उम्मीदवार शामिल होंगे। यह परीक्षा बीएससी (ऑनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स की कुल 155 सीटों तथा एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस पाठ्यक्रमों की क्रमश: 93 व 26 सीटों के लिए आयोजित की जा रही है। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज के अनुसार प्रवेश परीक्षा केवल हिसार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीएससी (ऑनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए 10771 जबकि एमएससी एग्रीकल्चर व होम साइंस के लिए कुल 633 उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किया गया है। डॉ. कंबोज ने बताया कि बीएससी और एमएससी डिग्री कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट पूर्व (9:45 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के नाम जिनकी परीक्षा 8 जून को है उनकी सूची एडमीशन साईट जिस पर उम्मीदवार ने आवेदन किया था, पर उपलब्ध है। अगर किसी के नाम में या अन्य किसी विवरण में कोई गलती हो तो वह फोन नंबर 01662-255254 पर सूचित कर सकता है अथवा कमरा नंबर 205 फ्लैचर भवन (शैक्षणिक विभाग) में सम्पर्क कर सकता है। उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 3 जून से एडमीशन साईट पर उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी (ऑनर्ज) होम साइंस चार वर्षीय डिग्री कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 जून किया गया है। जो उम्मीदवार इस कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए थे वह अब 21 जून तक आवेदन कर सकेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 30.5.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...2-8...

जानकारी • एचएयू में प्रोड्यूस सेफ्टी एलाइंस के सदस्यों ने वैज्ञानिकों और किसानों को फल व सब्जियों को एक्सपोर्ट करने के मानकों की दी जानकारी

# पशुओं और मानव मल से फलों-सब्जियों में पहुंचते हैं बैक्टीरिया, किडनी को कर देता है खराब

वैभव शर्मा | हिसार

देश से कई प्रकार के फल और सब्जियां अमेरिका एक्सपोर्ट की जाती हैं। मगर कुछ फल व सब्जियां यूएसए लेने से मना भी कर देता है क्योंकि उन फलों में वह बैक्टीरिया पाए जाते हैं जो किसी भी व्यक्ति की किडनी तक खराब कर सकते हैं। मगर इसकी गंभीरता किसानों को नहीं पता है, ऐसे ही किसानों को जागरुक करने के लिए अमेरिका की प्रोड्यूस सेफ्टी एलाइंस काम कर रही है।

यह संस्था विदेशों में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर्स के साथ एक टीम ऐसे देशों में भेज रही है जो अमेरिका को फल व सब्जियां सप्लाई करते हैं। इसी के तहत सोमवार को यूएसए की लुसिआना स्टेट यूनिवर्सिटी से असिस्टेंट प्रोफेसर अच्युत एचएयू में आए। उन्होंने वैज्ञानिकों व किसानों को फलों में और सब्जियों में खतरनाक वैक्टीरिया न जाए इसके लिए जानकारी दी।

## 3 बैक्टीरिया जो फलों व सब्जियों को बनाते हैं नुकसानदायक

फलों व सब्जियों में ईकोली 015- एच 7, सलमोनीला, लिस्टेरिया नामक वैक्टीरिया पाए जा सकते हैं। यह बैक्टीरिया मानव व पशुओं के मल में होते हैं। अगर खेतों में पशु मल कर देते हैं और इसके नीचे किसी सब्जी या फल का पौधा पनप रहा है तो यह बैक्टीरिया उस पौधे के प्रोडक्ट में पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही कोई पक्षी ऐसे मल को खाता है और वह फल को खा लेता है तो उस फल में भी यह बैक्टीरिया पनप जाएंगे। ऐसे में अमेरिका उन ही सप्लायर्स के प्रोडक्ट खरीद रहा है जिनके पास वैक्टीरिया मुक्त होने का सर्टिफिकेट है।



एचएयू में कार्यशाला में उपस्थित डीन डायरेक्टर्स और (इनसेट में) बैक्टीरिया के बारे में जानकारी देते लुसियाना स्टेट विवि से असिस्टेंट प्रोफेसर अच्युत अधिकारी।

## किसानों को प्रशिक्षण देने का कारण

यूएसए का प्रोड्यूस सेफ्टी एलाइंस किसानों को इसलिए जागरुक कर रहा है क्योंकि यह प्रोडक्ट जब अमेरिका में जाएं तो इस बैक्टीरिया से मुक्त हों। भारत से अमेरिका फल व सब्जियां एक्सपोर्ट किए जाते हैं इसके लिए किसानों को खेतों में वह प्रबंध करने होंगे ताकि बैक्टीरिया का प्रभाव न रहे। प्रोफेसर ने किसानों को बताया कि वह पशुओं के वेस्ट का सही तरह से कंपोस्ट करें, खेतों में मानव मल को उपज के स्थान पर न दबाएं। समय-समय पर पानी चैक कराएं। खेतों में ध्वनि तरंगों वाले उपकरण, जालियां आदि लगाएं ताकि पशु न आ सकें। प्रशिक्षण लेने वाले इन किसानों को यह संस्था प्रमाणपत्र भी देगी।

## इन बैक्टीरिया से यह हो सकती हैं बीमारी

अमेरिका में करीब 20 से 25 वर्ष पहले इन वैक्टीरिया ने काफी नुकसान किया था। इससे किडनी खराब हो सकती है, खून वाला डायरिया, निमोनिया, पीलिया, हैजा आदि रोग हो सकते हैं।